# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS



Dr. Manoj Jain
Director

काव्य क्लासेज

कर्मण्येव जयते

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 14 October 2022

पुलिस

PATWAR

HIGH COURT

रेलवे
JE, Group-D, TC, RPF

BANK

SSC
CGL, 10+2, CPO-SI, MTS

शिक्षक
I[st] ग्रेड

REET
I, II Level



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज ®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )


पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 14 अक्टूबर का इतिहास

- **1953 :** भारत में संपदा शुल्क अधिनियम प्रभाव में आया।
- **1923 :** वर्ष का चौथा उष्णकटिबंधीय तूफान पनामा के ठीक उत्तर में आया।
- **1933 :** जर्मनी ने मित्र राष्ट्रों के समूह से बाहर आने की घोषणा की
- **1643 :** दिल्ली का मुगल बादशाह बहादुर शाह प्रथम का जन्म हुआ।
- **1999 :** परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सी.टी.बी.टी. ) अमेरिकी सीनेट को नामंजूर किया।
- **1943 :** जापान ने फिलीपींस की स्वतंत्रता की घोषणा की।

## 14 अक्टूबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस ने इंश्योर इंडिया अभियान शुरू किया है जिसका उद्देश्य उत्पाद श्रेणी के रूप में जीवन बीमा के लाभों पर भारतीयों को शिक्षित करना है। एचडीएफसी लाइफ भारत में अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक है और पिछले तीन वर्षों में एचडीएफसी ने वितरण भागीदारों के कई विशाल नेटवर्क के साथ जीवन बीमा जागरूकता माह को एक विशेष संपत्ति के रूप में स्थापित किया है। इंश्योर इंडिया अभियान एचडीएफसी द्वारा शुरू किए गए जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला का नवीनतम जोड़ है। एचडीएफसी लाइफ का मानना है कि इंश्योर इंडिया व्यक्तियों को वित्तीय स्वतंत्रता की दिशा में पहला कदम उठाने में सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।
- पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने चीतों की निगरानी के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया। टास्क फोर्स का गठन चीतों की प्रगति और स्वास्थ्य की स्थिति की समीक्षा और निगरानी के उद्देश्य से किया गया है। यह मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में चीता के परिचय की निगरानी करेगा। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण चीता टास्क फोर्स के कामकाज को सुगम बनाएगा और सभी आवश्यक सहायता प्रदान करेगा। टास्क फोर्स दो साल की अवधि के लिए लागू होगी।
- केंद्र वार्षिक सर्वेक्षण में इंदौर को लगातार छठी बार सबसे स्वच्छ शहर चुना गया, जबकि सूरत और नवी मुंबई ने क्रमशः दूसरा तथा तीसरा स्थान हासिल किया। सर्वेक्षण के परिणामों की घोषणा की गई। स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार 2022 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों की श्रेणी में मध्य प्रदेश ने पहला स्थान हासिल किया है, इसके बाद छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र का स्थान है। पिछले साल छत्तीसगढ़ को पहला स्थान मिला था।
- विश्व बैंक के ताजा अनुमानों के अनुसार लगभग 56 मिलियन भारतीय 2020 में महामारी के परिणास्वरूप अत्यधिक गरीबी में गिर गए होंगे, वैश्विक स्तर पर 71 मिलियन की वृद्धि हुई और द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से गरीबी में कमी के लिए इसे सबसे खराब वर्ष बना दिया है। विश्व बैंक ने गरीबी एवं पारस्परिक समृद्धि रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि दूसरे देश को भी भारत से सबक लेना चाहिए।
- दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार की देश में 5जी प्रौद्योगिकी के लिए 100 प्रयोगशालाएं स्थापित करने की योजना है जिनमें कम से कम 12 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देने एवं प्रयोग करने के लिए उपयोग में लायी जाएगी। मंत्री ने इंडियन मोबाइल कांग्रेस में शिरकत कर रही कंपनियों से नये दूरसंचार विधेयक पर अपनी राय देने का भी आह्वान किया। इस विधेयक के माध्यम से सरकार का लक्ष्य लाइसेंस व्यवस्था को आसान बनाना है।
- छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का उद्घाटन किया। इसका आयोजन राज्य के बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में किया गया। इसका आयोजन 6 अक्टूबर से 6 जनवरी 2023 तक किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इस दिन छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के ब्रोशर का भी विमोचन किया, जिसमें इससे संबंधित सारी जानकारियां मौजूद है। इसके तहत हर ब्लाक, हर जिले में स्थानीय खेलों का आयोजन किया जाएगा। इसका आयोजन छह स्तरों में किया जा रहा है जिसमें महिला व पुरूष प्रतिभागियों के लिए दो अलग-अलग वर्ग हैं। प्रतियोगिता में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी शामिल होंगे।
- केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने वैश्विक कृत्रिम बुद्धिमता शिखर सम्मेलन और पुरस्कार के तीसरे संस्करण को संबोधित करते कहा कि कृत्रिम बुद्धिमता वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनने में मदद कर सकती है। तीसरा कृत्रिम बुद्धिमता शिखर सम्मेलन का आयोजन ऑल इंडिया काउंसिल फॉर रोबोटिक्स एंड ऑटोमेशन द्वारा किया गया है और यह सरकार के साथ साझेदारी में रक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, स्मार्ट शहरों, गतिशीलता एवं शिक्षा के क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।
- स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के एक अध्ययन के अनुसार, आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन में चीन इंडो-पैसिफिक के 12 देशों में पहले स्थान पर है। जापान और दक्षिण कोरिया क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर है। ताइवान, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर पांचवें, छठे और सातवें स्थान पर है।
- मशहूर समाजवादी नेता और समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव का निधन हो गया।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व मानक दिवस (World Standards Day) प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 14 अक्टूबर (B) 15 अक्टूबर
(C) 16 अक्टूबर (D) 17 अक्टूबर

**(C)** विश्व मानक दिवस हर साल 14 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस दिन को मनाने की शुरूआत मानकों के विकास संगठनों के भीतर स्वैच्छिक मानकों को विकसित करने वाले हजारों विशेषज्ञों के प्रयासों को सम्मान देने के लिए की गई। विश्व मानक दिवस पहली बार वर्ष 1970 में लोगों में उपभोक्ताओं और नियामकों के बीच औद्योगिक क्षेत्रों में मानकीकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है।




**2. हाल ही में लंबित मामलों के निपटारे के लिए देश भर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कब किया जाएगा ?**

(A) 30 अक्टूबर 2022 (B) 2 नवंबर 2022
(C) 12 नवंबर 2022 (D) 31 दिसंबर 2022

**(C)** 12 नवंबर, 2022 को पूरे देश में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। लोक अदालत वैकल्पिक विवाद निवारण तंत्रों में से एक है। यह एक ऐसा मंच है जहां पूर्व मुकदमेबाजी के स्तर पर लंबित विवादों/मामलों को सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाया जाता है। इनका आयोजन राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण और अन्य कानूनी सेवा संस्थानों द्वारा किया जाता है।




**3. विश्व अंडा दिवस (World Egg Day) प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 12 अक्टूबर (B) 13 अक्टूबर
(C) 14 अक्टूबर (D) 15 अक्टूबर

**(C)** विश्व अंडा दिवस हर साल अक्टूबर माह के दूसरे शुक्रवार को मनाया जाता है। पहली बार वर्ष 1996 में अंतर्राष्ट्रीय अंडा आयोग द्वारा शुरू किया गया था। इस दिन का उद्देश्य अंडे के स्वास्थ्य लाभ और उनके पोषण मूल्य के बारे में शिक्षित करना है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को अंडे में मौजूद पोषक तत्वों के शरीर पर होने वाले फायदों के बारे में जागरूक करना है।




**4. रवांडा में होने वाली 145वीं आईपीयू विधानसभा में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कौन करेंगे ?**

(A) ओम बिरला (B) हरिवंश नारायण सिंह
(C) अमिताभ कांत (D) जगदीप धनकड़

**(C)** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह, किगाली (रवांडा) में आयोजित होने वाले अंतर संसदीय संघ की 145वीं विधानसभा में 12 सदस्यीय भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। 145वीं आईपीयू असेंबली की मेजबानी रवांडा की संसद द्वारा 11-15 अक्टूबर 2022 तक किगाली में की जा रही है।



**5. हाल ही में पर्यावरण मंत्रालय ने कुनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों की निगरानी के लिए कितने सदस्यीय टास्क फोर्स का गठन किया ?**

(A) 6 (B) 9
(C) 12 (D) 15

**(B)** मध्यप्रदेश के कुनो नेशनल पार्क और अन्य उपयुक्त निर्दिष्ट क्षेत्रों में चीता को बसाए जाने की परियोजना की निगरानी नौ सदस्यीय टास्क फोर्स करेगी। टास्क फोर्स में प्रधान सचिव, मध्यप्रदेश वन और पर्यटन औ एनटीसीए, नई दिल्ली के महानिरीक्षक डॉ. अमित मलिक शामिल हैं। टास्क फोर्स प्रगति की समीक्षा करेगी और चीतों के स्वास्थ्य की स्थिति की निगरानी करेगी।



**6. सबसे अधिक विश्व खिताब जीतने वाले भारतीय खिलाड़ी कौन बने हैं ?**

(A) नीरज चोपड़ा (B) सुनील छेत्री
(C) पंकज आडवाणी (D) विराट कोहली

**(C)** सबसे अधिक विश्व खिताब जीतने वाले भारतीय खिलाड़ी पंकज आडवाणी बने है। भारत के पंकज आडवाणी ने 2022 IBSF विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप के फाइनल में सौरव कोठारी को हराकर अपना 25वां विश्व ख़िताब जीता है। पंकज आडवाणी लगातार पांच बार वर्ल्ड बिलियर्ड्स का खिताब अपने नाम कर चुके है।



**7. भारत का पहला सौर ऊर्जा संचालित राज्य कौन बन गया है ?**

(A) गुजरात (B) राजस्थान
(C) आंध्रप्रदेश (D) तेलंगाना

**(A)** भारत का पहला सौर ऊर्जा संचालित गुजरात राज्य का मोढेरा गांव बन गया है। गांव में स्थापित रूफटॉप सौर पैनलों के माध्यम से गांव को दिन के समय बिजली की आपूर्ति की जाती है और रात के दौरान बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम के माध्यम से घरों में बिजली की आपूर्ति की जाती है।



**8. रेलवे ने किस वर्ष तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन हासिल करने की योजना बनाई है?**

(A) 2023 (B) 2025
(C) 2027 (D) 2030

**(D)** भारतीय रेलवे ने हरित पर्यावरण के लिए एक एकीकृत दृष्टिकोण (Integrated Approach) अपनाया है और 2030 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जक बनने के लिए कार्बन फुटप्रिंट को कम करने की योजना बताई है। 2030 तक जल उपयोग दक्षता में 20 प्रतिशत सुधार किया जाएगा।




**9. हाल ही में सरकार ने आपात ऋण गारंटी योजना को 400 करोड़ से बढ़ाकर कितने करोड़ कर दिया है ?**

(A) 1000 करोड़ (B) 1200 करोड़
(C) 1500 करोड़ (D) 2000 करोड़

**(C)** वित्त मंत्रालय ने कोविड-19 से प्रभावित एविएशन इंडस्ट्री को नकदी संकट से उबारने में मदद करने के लिए आपात ऋण सुविधा गारंटी योजना या Emergency Credit Line Guarantee Scheme में संशोधन किया है। मंत्रालय ने इस योजना के अंतर्गत कर्ज की सीमा 400 करोड़ रूपये से बढ़ाकर 1500 करोड़ रूपये कर दिया है।



**10. हाल ही में किस राज्य सरकार द्वारा कृषि छात्रा प्रोत्साहन योजना का संचालन किया जा रहा है ?**

(A) राजस्थान (B) मध्यप्रदेश
(C) हरियाणा (D) केरल

**(A)** महिलाओं के सशक्तिकरण और उनकी प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए राज्य में कृषि की पढ़ाई करने वाली छात्राओं के लिए राजस्थान सरकार कृषि छात्रा प्रोत्साहन योजना चला रही है। ताकि बालिकाएं कृषि के क्षेत्र की नई तकनीकों का अध्ययन करें और ज्ञान प्राप्त करें। इसके बाद वो कृषि के विकास और किसानों के विकास के लिए काम करें।




डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज